


# मेहगांव में राजीनामे के बहाने युवक की गोली मारकर हत्या



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 21 अप्रैल।** जिले के मेहगांव थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते युवक की गोली मारकर हत्या किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेहगांव अस्पताल भेजा। मामले में पांच आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है।

**पुलिस जांच पड़ताल में जुटी, पुरानी रंजिश बनी वजह, पांच आरोपियों पर मामला दर्ज**

**राजीनामे के बहाने बुलाकर की वारदात :** जानकारी के अनुसार मेहगांव थाना अंतर्गत कैथोदा गांव के निवासी गिर्राज सिंह गुर्जर और अमर सिंह गुर्जर के बीच लंबे समय से रंजिश चली आ रही थी। इसी विवाद को खत्म करने के नाम पर गिर्राज को बुलाया गया। बताया जा रहा है कि गिर्राज गुर्जर पास के गांव खेरिया से किसी कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहा था, तभी वह बातचीत के लिए आरोपियों के पास पहुंचा। जैसे ही वह मौके पर पहुंचा, पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने उसे घेर लिया और गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वारदात के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।

### पांच आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर अमर सिंह, आशवीर, रामबन, साहिब सिंह एवं नीटू गुर्जर के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है।

### जल्द गिरफ्तारी का दावा

पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है और जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इलाके में घटना के बाद से तनाव का माहौल बना हुआ है।

# विद्युत डीपी को लेकर विवाद, कब्जे और मिलीभगत के आरोप

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 21 अप्रैल।** जिले के अकोड़ा क्षेत्र में पंचमुखी हनुमान मंदिर के सामने स्थित एक विद्युत डीपी (डिस्ट्रिब्यूशन प्वाइंट) को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। स्थानीय निवासी झुन्ना सिंह यादव (उर्फ छुन्ना सिंह) ने आरोप लगाया है कि उनके पिता स्वर्गीय रामदयाल सिंह यादव के नाम दर्ज डीपी को साजिशन हड़पने की कोशिश की जा रही है।

**स्थानीय निवासी ने अधिकारियों पर साजिश का आरोप लगाया, निष्पक्ष जांच की उठाई मांग**

आवेदक झु-?ना सिंह यादव के अनुसार, करीब 45 वर्ष पूर्व उनके खेत में स्थापित यह डीपी लंबे समय से उनके परिवार के उपयोग में है और वे नियमित रूप से बिजली बिल का भुगतान करते आ रहे हैं। पिता के निधन के बाद यह डीपी उनके उपयोग में है, लेकिन अब शिशुपाल सिंह यादव द्वारा इस पर जबरन दावा किया जा रहा है। आरोप है कि शिशुपाल यह कहता है कि डीपी को हटाकर उसके खेत में स्थानांतरित कराया जाएगा।



**झगड़ा, धमकी और दबाव के आरोप :** झुन्ना सिंह यादव का आरोप है कि शिशुपाल सिंह आए दिन उनके घर आकर विवाद करता है, गाली-गलौज करता है और धमकियां देता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारियों से मिलीभगत कर डीपी को अपने पक्ष में ट्रांसफर कराने की कोशिश की जा रही है।

**अधिकारियों पर मिलीभगत के गंभीर आरोप :** शिकायत में ऊमरी सर्किल के कार्यपालन यंत्री (ईई) वीरेन्द्र धुर्वे, कम्प्यूटर ऑपरेटर धर्मेन्द्र सिंह कुशवाहा एवं गोलू उर्फ उमेश यादव पर मिलीभगत के आरोप लगाए गए हैं। आवेदक का कहना है कि कथित रूप से रिश्वत लेकर सरकारी रिकॉर्ड में फर्जी प्रविष्टि की गई है। इसके अलावा गोलू उर्फ उमेश यादव पर अवैध वसूली और आम लोगों को धमकाने के आरोप भी लगाए गए हैं।

**निष्पक्ष जांच की मांग :** आवेदक ने उच्च अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने डीपी की फिजिकल वेरिफिकेशन, वास्तविक स्वामित्व की जांच और सही वारिस के नाम ट्रांसफर करने की मांग की है। साथ ही आरोपित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की भी मांग की गई है।

### प्रशासन की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

स्थानीय स्तर पर शिकायत के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होने से आवेदक का परिवार भय और असुरक्षा में जी रहा है। इस मामले ने क्षेत्र में विभागीय कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते निष्पक्ष जांच नहीं हुई, तो विवाद और बढ़ सकता है।

# जनगणना 2027 : मिहोना में प्रगणकों व पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण शुरू

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 21 अप्रैल।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य 01 मई 2026 से 30 मई 2026 तक किया जाना है। इसी के तहत तहसील स्तर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मिहोना में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आज 21 अप्रैल 2026 से प्रारंभ किया गया।

**तहसीलदार कविता यादव ने किया अवलोकन, बेहतर प्रशिक्षण लेकर फील्ड में दक्षता से कार्य करने के निर्देश**



प्रशिक्षण कार्यक्रम का अवलोकन प्रभारी तहसीलदार मिहोना (डिप्टी कलेक्टर) कविता यादव द्वारा किया गया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण की प्रगति की जानकारी ली और सभी को निर्देशित किया कि वे प्रशिक्षण को गंभीरता से लें, ताकि फील्ड में कार्य के दौरान किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

**मास्टर ट्रेनर्स दे रहे हैं प्रशिक्षण :** प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर आनन्द सिंह एवं देवेंद्र सिंह कुशवाह द्वारा प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिसमें मकान सूचीकरण, डेटा संकलन एवं मोबाइल एप के उपयोग संबंधी जानकारी शामिल है।

**प्रशिक्षणार्थियों के लिए व्यवस्थाओं के निर्देश :** तहसीलदार कविता यादव ने प्रशिक्षण स्थल पर व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया और निर्देश दिए कि प्रशिक्षणार्थियों के लिए भोजन पैकेट, शीतल पेयजल एवं चाय आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मिहोना के प्राचार्य राजीव व्यास, नरेंद्र सिंह सिकरवार, अभिषेक श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# अक्षय तृतीया पर भारत विकास परिषद का सेवा कार्य, जरूरतमंदों को कराया भोजन

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 21 अप्रैल।** भारत विकास परिषद शाखा जागृति द्वारा अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर सेवा एवं समर्पण का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए भोजन दान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शाखा उपाध्यक्ष अनीता बंसल के सौजन्य से संपन्न हुआ।

**गणेश मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में राहगीरों, छात्रों व संतों को वितरित किया गया प्रसाद**

कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय गौरी किनारे स्थित गणेश मंदिर परिसर में किया गया, जहां राहगीरों, छात्र-छात्राओं एवं संतजनों को श्रद्धापूर्वक भोजन वितरित किया गया। उपस्थित लोगों ने इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

**दान का विशेष महत्व बताया :** अनीता बंसल ने अक्षय तृतीया के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस दिन किया गया दान अत्यंत पुण्यदायी होता है। उन्होंने संतजनों एवं जरूरतमंदों को स्नेहपूर्वक भोजन वितरित कर सेवा भाव का संदेश दिया।

### सदस्यों की रही सक्रिय भागीदारी

इस अवसर पर क्षेत्रीय गतिविधि संयोजक संस्कार श्रवण कुमार पाठक, शाखा सचिव सोनिया अग्रवाल, उषा नगरिया, अरुणा पाठक, मनोज दीक्षित, नितिन दीक्षित, शिवम सिंह राजावत, रानी जैन एवं रोमा शर्मा सहित अन्य सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से समाज में सेवा, सहयोग एवं संस्कारों की भावना को सुदृढ़ करने का संदेश दिया गया।

## कलेक्टर ने भरा जनगणना-2027 का स्व-गणना फॉर्म

**भिण्ड, 21 अप्रैल।** जनगणना-2027 के अंतर्गत स्व-गणना प्रक्रिया को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने आज स्वयं ऑनलाइन फॉर्म भरकर पहल की। उनके साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, अपर कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी स्व-गणना फॉर्म भरकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों से अपील करते हुए कहा कि वे स्वयं स्व-गणना फॉर्म भरें और अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें, ताकि जनगणना कार्य सुचारु रूप से और समय पर पूरा हो सके।



**16 से 30 अप्रैल तक भर सकते हैं फॉर्म :** जिले के जनगणना प्रभारी भानूप्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन के निर्देशानुसार नागरिक 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक ऑनलाइन पोर्टल पर अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं।

## निरीक्षण में अनुपस्थित मिले चार कर्मचारी, नोटिस जारी

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 21 अप्रैल।** जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी वीर सिंह चौहान ने जनपद पंचायत रौन के चार कर्मचारियों को कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। यह कार्रवाई ग्राम पंचायत अचलपुरा में संचालित निर्माण कार्यों के स्थल निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए जाने पर की गई है।



जारी नोटिस के अनुसार, उपयंत्री जनपद पंचायत रौन डी.के. श्रीवास्तव, ब्लॉक कॉर्डिनेटर मनोज सिंह जादौन, पंचायत समन्वय अधिकारी चौबे लाल कोठारी तथा सचिव ग्राम पंचायत अचलपुरा योगेन्द्र गुर्जर निरीक्षण के दौरान मौके पर उपस्थित नहीं पाए गए। जबकि उनकी उपस्थिति अपेक्षित थी। सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि बिना किसी पूर्व सूचना या अनुमति के अनुपस्थित रहना शासकीय दायित्वों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही एवं उदासीनता को दर्शाता है।

## सत्य पथ पदयात्रा से समाज में नैतिक जागरण का संदेश



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 21 अप्रैल।** अखिल भारतीय संत समिति के जिला अध्यक्ष पूज्य संत कालीदास महाराज के नेतृत्व में निकाली जा रही 'सत्य पथ पदयात्रा' के माध्यम से जिलेभर में नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। पदयात्रा के दौरान संत समाज द्वारा प्रेम, आपसी सद्भाव, नशे से दूरी और सामाजिक कुरीतियों के त्याग का आह्वान किया जा रहा है।

पदयात्रा के क्रम में विभिन्न स्थानों पर आयोजित धर्म सभाओं में संत कालीदास महाराज ने लोगों को बेटी, गौ, बुजुर्ग, पेड़-पौधों और नदियों के प्रति ईश्वर समान सम्मान रखने का संदेश दिया।

**नैतिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प :** महाराज ने कहा कि यह पदयात्रा समाज में नैतिक मूल्यों की रक्षा और जागरण के उद्देश्य से निकाली जा रही है। उन्होंने लोगों को नशे से दूर रहने और संस्कारयुक्त जीवन अपनाने का संदेश देते हुए कहा कि समाज का उत्थान तभी संभव है, जब हर व्यक्ति अपने कर्तव्यों के प्रति

**संत समाज की सराहनीय पहल :** भीषण गर्मी के बावजूद संत समाज द्वारा लोगों को जागरूक करने का यह प्रयास क्षेत्र में सराहनीय माना जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने भी इस पदयात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लिया और संतों के संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

इस दौरान पूज्य संत रामेश्वर दास महाराज, संत रंजीतानंद जी (भिंडी बाबा), संत माधवानंद जी महाराज, जीतू भदौरिया (जामपुरा), गौरव तोमर सहित अनेक ग्रामीणजन पदयात्रा में शामिल रहे।

# पूर्व विधायक रणवीर ने मालनपुर गेहूं उपार्जन केंद्र का किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, भिंड, 21 अप्रैल।** पूर्व विधायक रणवीर जाटव सोमवार को मालनपुर स्थित वेयरहाउस में बने शासकीय गेहूं उपार्जन केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने किसानों से सीधा संवाद किया और उन्हें भरोसा दिलाया कि हर किसान का गेहूं खरीदा जाएगा। गेहूं खरीदी में उपार्जन केंद्र पर आ रही समस्याओं के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से तत्काल चर्चा कर किसानों की समस्या जैसे स्लॉट बुकिंग एवं गेहूं की चमक जिनकी बरसात के कारण चमक चली गई है उनका गेहूं भी नियमानुसार खरीदा जाए ताकि अन्नदाता को नुकसान न हो।

**बोले- 'छोटे किसानों को पहले प्राथमिकता, कोई न घबराए'**




किसानों के बड़े स्लॉट 100 से 150 एवं 200 से 250 तथा 250 से 300 400 से 500 के भी बुकिंग होंगे 7 किसानों को चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है अगर किसानों की खरीदी समय पर नहीं हो पाती है तो उसकी भी दिनांक बढ़ाई जाएगी तथा समस्त किसानों के गेहूं उपार्जन केंद्र पर खरीद एवं तुलाई कराई जावेगी कोई भी किसान अपने गेहूं उपार्जन केंद्र पर विक्रय करने से वंचित नहीं रहेगा। हमारी सरकार किसान भाइयों के साथ है। ग्राम गुरीखा के किसानों ने पूर्व विधायक से शिकायत की थी कि नोनेरा स्थित शासकीय तुलाई केंद्र दूर पड़ने से उन्हें परेशानी हो रही है। किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए पूर्व विधायक रणवीर जाटव ने तत्काल हस्तक्षेप कर शासकीय तुलाई केंद्र को नोनेरा से हटवाकर मालनपुर वेयरहाउस के शासकीय कांटे पर शिफ्ट करवा दिया था।

निरीक्षण के दौरान जाटव ने उपस्थित किसानों से कहा, 'आप लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है।पहले छोटे किसानों को प्राथमिकता दी जाएगी, उसके बाद बड़े किसानों का गेहूं खरीदा जाएगा। हमारी सरकार हर समय किसानों के साथ खड़ी है।' इस अवसर पर मौजूद किसानों ने पूर्व विधायक के इस कदम की सराहना की।

इस अवसर पर विश्वनाथ सिंह गुर्जर, मुरारी सिंह तोमर सरपंच टुकेंडा, सामंत सिंह गुर्जर सरपंच, मलखान सिंह कुशवाह, सुल्तान सिंह जाटव जिला पंचायत सदस्य,नरेश पटसारिया, भूरेलाल मुनेंद्र सिंह सरदार, भूपेंद्र सिंह गुर्जर, हरेंद्र सिंह गुर्जर, कृष्णकांत राजोरिया आदि कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## कलेक्ट्रेट जनसुनवाई में 51 आवेदकों की सुनी गई समस्याएं

**भिंड, 21 अप्रैल।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी वीर सिंह चौहान ने जिले के विभिन्न अंचलों से अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे 51 आवेदकों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान अपर कलेक्टर द्वारा भी आवेदकों की समस्याओं पर सुनवाई कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त आवेदनों में गंभीर बीमारी के उपचार, विद्युत बिलों में सुधार, हैंडपंपों के संधारण, पेंशन प्रकरण, सड़क दुर्घटना सहायता, हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ, बीपीएल राशन कार्ड एवं भूमि पर कब्जा से जुड़े मामले प्रमुख रूप से शामिल रहे।



**त्वरित कार्रवाई के निर्देश :** सीईओ जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि की गई कार्रवाई की जानकारी संबंधित आवेदकों को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए, ताकि पारदर्शिता और विश्वास बना रहे।

# सीजी पावर कंपनी गेट पर परिवार संग धरने पर बैठा पीड़ित सुरक्षा गार्ड

**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 21 अप्रैल।** औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में स्थित क्रॉम्प्टन सीजी पावर कंपनी के गेट पर सोमवार को सुरक्षा गार्ड वाजिद अली अपने परिवार के साथ धरने पर बैठ गया। वाजिद के साथ उसकी पत्नी, वृद्ध माता, तीन छोटे बच्चे और भाई भी मौजूद थे। परिजनों का आरोप था कि कंपनी घायल गार्ड की मदद नहीं कर रही हैं,यहां बता दे कि बीते माह कंपनी में तैनात सुरक्षा गार्ड वाजिद अली को ड्यूटी के दौरान बदमाशों ने गोली मार दी थी। घटना के बाद कंपनी प्रबंधन ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया था। उपचार के बाद वाजिद का शरीर का एक हिस्सा पैरालाइज हो गया और वह अपंग हो चुका है।

**पूर्व विधायक की पहल पर मैनेजमेंट ने दिया इलाज और सैलरी का भरोसा**




परिजनों का आरोप है कि वाजिद अब किसी काम के लायक नहीं रहा। कंपनी ने उसे शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया जहां आयुष्मान कार्ड से इलाज हुआ, लेकिन कंपनी प्रबंधन द्वारा इसके अलावा कोई सहयोग नहीं किया गया। इसी को लेकर सोमवार को वाजिद अली अपने पूरे परिवार के साथ फैक्ट्री गेट पर धरने पर बैठ गया। पीड़ित परिवार ने प्रबंधन से वाजिद का अच्छे अस्पताल में उपचार कराने, जब तक इलाज चले तब तक सैलरी जारी रखने और आर्थिक मदद की मांग की।

धरने की खबर मिलते ही पूर्व विधायक रणवीर जाटव ने तत्काल फैक्ट्री मैनेजर जुगवीर राठौर से फोन पर बात की और पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद करने को कहा। उन्होंने पीड़ित वाजिद और उसके परिवार से भी फोन पर बात कर मदद का भरोसा दिलाया। पूर्व विधायक से बातचीत के बाद फैक्ट्री मैनेजर ने पीड़ित वाजिद का निजी हॉस्पिटल में उपचार कराने का आश्वासन दिया। साथ ही जब तक इलाज चलेगा तब तक हर माह खाते में सैलरी देने और आर्थिक मदद करने का भी भरोसा दिलाया। प्रबंधन से लिखित आश्वासन मिलने के बाद परिजन धरने से हट गए।इस दौरान क्षेत्र के पत्रकार बंधु भी मौके पर मौजूद रहे। पूर्व विधायक की पहल पर पीड़ित परिवार को राहत मिलने पर लोगों ने आभार जताया।